भारत सरकार
कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय
(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3800

(दिनांक 03.04.2025 को उत्तर के लिए)

यूपीएससी द्वारा आयोजित परीक्षाओं पर विवाद और उनमें निष्पक्षता का अभाव

3800. श्री रामजी लाल सुमनः

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पांच वर्षों में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा कितनी परीक्षाएं आयोजित की गईं हैं;
(ख) पिछले पांच वर्षों में परीक्षार्थियों को अंक देने में अनियमितता बरतते पाए जाने वाले आयोग के सदस्यों और कर्मचारियों की संख्या कितनी है; और
(ग) पिछले पांच वर्षों में यूपीएससी द्वारा आयोजित परीक्षाओं के संबंध में कितने मामलों में एफआईआर दर्ज की गईं?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क): संघ लोक सेवा आयोग, बड़ी संख्या में लोक भर्ती परीक्षाओं का आयोजन करता है, जिसका विवरण संघ लोक सेवा आयोग की वार्षिक रिपोर्टों (जो संसद में रखी जाती हैं और संघ लोक सेवा आयोग की वेबसाइट पर: https://upsc.gov.in/annual-reports पर उपलब्ध हैं) तथा संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं के कैलेंडर (जो संघ लोक सेवा आयोग की वेबसाइट पर: https://upsc.gov.in/examinations/exam-calendar पर उपलब्ध है) में सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है।

(ख) एवं (ग): संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित परीक्षाओं के संबंध में पिछले पांच वर्षों के दौरान ऐसी किसी घटना की सूचना नहीं मिली है।

****